## स्पॉट फाइन दल के अनुपस्थित कर्मचारी भी होंगे बर्खास्त

# कचरा संग्रहण में लापरवाही करने वाले 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बर्खास्त



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 5-1-2021

स्वच्छता को लेकर रतलाम में निगम कमिश्नर अपनी कोशिशे कर रहे है लेकिन फिर भी कुछ लापरवाह कर्मचारियों की वजह से अभियान अधूरा रह रहा है।

यही वजह है कि निगम कमिश्नर ने मैदान में उतरते हुए आकस्मिक निरीक्षण पर जोर देना शुरु किया है और इसी के तहत कल सुबह जब पूरे निगम के कचरा संग्रहण वाहन ड्रायवर व हैल्पर अनुपस्थित दिखे तो उन्हे सीधे सेवा से बर्खास्त कर दिया। ऐसा करते हुए निगम कमिश्नर ने यह संदेश देने की कोशिश भी है कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की अब निगम में जगह नही रहेगी। नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्मव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है जिससे घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिये।

### बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई

निगम आयुक्त ने प्रातः निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा जांच उपरान्त 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया।

कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहूल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम-सुन्दरलाल, दीपक-लच्छुलाल, विशाल-मुकेश, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप व जितेन्द्र-बेजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया।

### खुले में कचरा डाला तो स्पॉट फाइन

इसी प्रकार नगर में ऐसे नागरिक व दुकानदार जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है ऐसे व्यक्तियों लगाम लगाने हेतु गठित किये गये स्पॉट फाईन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनील शिन्दे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, गनीष आदिवाल व प्रमोद चौरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

### अधिक से अधिक नागरिकों से फीड बैक लेवें

इसके अलावा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि वे अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाकर नगर के प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर पर जाकर कचरा पृथक्कीकरण, कचरा निगम के संग्रहण वाहन में डालने व स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित करे।


**क्रय करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश :** इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सिटीजन फीडबैक का कार्य तेजी से कर अधिक से अधिक नागरिकों से फीड बैक लेवें। निगम आयुक्त ने निगम की अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रेन वाहन व डम्पर बनाये जाने हेतु जो भी सामग्री की आवश्यकता है उसे क्रय करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, अधिकारियों को नए वर्ष में बताए सरकार के प्रमुख सूत्र तथा प्राथमिकताएं

राजस्थान पत्रिका 5-1-2021

# गरीबों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीबों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के विकास एवं जनता के कल्याण सहित सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए नए साल में सभी समर्पण भाव से जुट जाएं। बिना लिए-दिए समय-सीमा में जनता को सेवाएं प्राप्त कराना सुशासन का मूलमंत्र है, जिसे हमें प्रदेश में चरितार्थ करना है। इसके लिए तकनीकी का भी पूरा उपयोग किया जाए। प्रदेश में एक अच्छा फीडबैक सिस्टम तैयार करना है। हमारा प्रशासन सज्जनों के लिए फूल की तरह कोमल और दुष्टों के लिए वज्र से भी अधिक कठोर होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शनिवार को मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रीगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए शासन के सूत्र एवं प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने सभी को नए साल की शुभकामनाएं भी दीं।



नए साल में मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाने पूरे समर्पण भाव से जुट जाएं

## ये होंगे शासन के 12 प्रमुख सूत्र

**पहली सूत्र है**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रशासन के 12 प्रमुख सूत्र बताते हुए कहा कि हमारा पहला सूत्र है कि जनता ही अपनी भगवान है। कोई भी अहंकार में न रहे तथा जनता की सेवा एवं बेहतरी के लिए कार्य करें।

**दूसरा सूत्र है** - मध्यप्रदेश के खजाने पर सबसे पहले गरीबों का हक है। गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

**तीसरा सूत्र है**-किसान एवं कृषि का विकास हमारा तीसरा महत्वपूर्ण बिन्दु है। किसानों की फसल की उत्पादन लागत घटाने तथा उन्हें फसलों का बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए निरंतर कार्य करना है। प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग तथा कृषि अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में विशेष प्रयास किए जाने हैं।

**चौथा सूत्र है** -महिला सशक्तिकरण। हमें महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक सशक्तिकरण करना है तथा उन्हें पूरा सम्मान एवं सुरक्षा देनी है। महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाना है। बेटियों की सुरक्षा के लिए हम धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2020 लाए हैं।

**पांचवा सूत्र है** - प्रदेश में सुशासन देना, जिसके अंतर्गत जनता को निश्चित समय-सीमा में सेवाएं बिना कार्यालयों के चक्कर लगाए तथा बिना कुछ लिए-दिए प्राप्त हो जाएं।

**छठवां सूत्र है** - प्रदेश को माफिया मुक्त करना। प्रदेश में ड्रग माफिया, मिलावट माफिया, भू-माफिया, रेत माफिया आदि के विरुद्ध सघन अभियान जारी रहेगा। साथ ही इस बात का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा कि आमजन को कोई दिक्कत न हो। किसी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मामले में न फंसाया जाए।

**सातवां सूत्र है** - परियोजनाओं को निश्चित समय पर पूरा करना। इसके लिए मैं स्वयं हर हफ्ते बड़ी योजनाओं की समीक्षा करूंगा, मंत्रीगण भी नियमित समीक्षा करें। अधिकारीगण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। परियोजनाएं बिना लागत बढ़े समय से पूरी हो जाएं।

**आठवां सूत्र है** - केंद्र की हर योजना में नंबर वन रहना। इसके लिए सभी निरंतर प्रयास करें। मंत्रीगण केंद्र से निरंतर समन्वय रखें तथा दिल्ली के दौरे करें। विभिन्न योजनाओं में केंद्र से अधिक से अधिक राशि प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं।

**नौवां सूत्र है** - आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का गठन। इसके लिए बनाए गए रोडमैप पर तेजी से क्रियान्वयन किया जाए।

**10 वां सूत्र है** - अधिक से अधिक रोजगार सृजन। इसके लिए हर विभाग प्रयास करें। शासकीय व अशासकीय दोनों क्षेत्रों में नए रोजगार सृजित किए जाएं। कौशल विकास पर पूरा ध्यान दिया जाए।

**11वां सूत्र है** - जन स्वास्थ्य। हमें प्रधानमंत्री जी के दोनों मंत्र स्वास्थ्य ही संपदा है और दवाई भी कड़ाई भी का पालन करना है। हमें अपने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को उच्च कोटि का बनाना है। साथ ही फीवर क्लीनिक को इस प्रकार विकसित करना है कि वहां जनता को हर प्रकार के रोगों का प्राथमिक इलाज मिल सके।

**12वां सूत्र है** - अच्छी शिक्षा। इसके लिए हमें शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रत्येक 20-25 किलोमीटर के दायरे में सीएम राइज स्कूल खोले जाएंगे। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

### नए साल में इन कार्यों पर रहेगा फोकस

- सिंगल सिटीजन डाटाबेस का सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपयोग प्रारंभ करना।
- शासकीय सेवाओं के लिए इलेक्ट्रानिक सिंगल विंडो की व्यवस्था।
- विभिन्न योजनाओं में स्वीकृति उपरांत बिना विलंब के हितग्राहियों को राशि उपलब्ध कराना।
- मंडी एवं श्रम सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करना।
- आउट ऑफ बॉक्स सोचकर रोजगार के नए अवसर पैदा करना। रोजगार सेतु पोर्टल का प्रभावी क्रियान्वयन।
- आत्मनिर्भर मप्र के रोडमैप के लक्ष्यों को समय पर पूरा करना।
- जिला स्तर के कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए डैशबोर्ड का प्रयोग।
- महिला स्व-सहायता समूह, कृषि उत्पादक संगठन, सहकारिता को जनआंदोलन बनाना।
- पब्लिक हैल्थ केयर तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर को उच्च कोटि का बनाना।
- सीएम राइज स्कूल की अवधारणा को धरातल पर लाना।
- प्रशासन अकादमी को उच्च स्तर का प्रशिक्षण संस्थान बनाना।
- नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास।
- अर्थव्यवस्था एवं रोजगार को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाना।
- आईटी का अधिकतम उपयोग तथा प्रत्येक गांव तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाना।
- हर व्यक्ति का कोविड टीकाकरण।
- माफियाओं के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना।
- नए गौण खनिज नियमों के अंतर्गत खनिज संपदा की शीघ्र लीज स्वीकृति।
- धान उपार्जन एवं आगामी समय में गेहूं उपार्जन की श्रेष्ठ व्यवस्थाएं।
- जनजातीय समुदाय को वनाधिकार पट्टे तथा उनके अन्य वैध हक दिलवाना।
- समावेशी विकास। मिनिमम गवर्मेंट तथा मैक्सिमम गवर्नेंस।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 15.....दिनांक..........2021

67वें महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ स्वामी कृष्णानंद जी व सांसद गुमानसिंह डामोर की उपस्थिति में होगा

# महारुद्र यज्ञ से पहले चौमुखा महादेव का किया अभिषेक

रतलाम। श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी तट पर 04 जनवरी से प्रारंभ होने वाले विश्व कल्याणार्थ व धर्म मर्यादा रक्षार्थ 67वें महारुद्र के पूर्व रविवार को सुबह बागड़ों का वास में अगरजी मंदिर स्थित चौमुखा महादेव का रुद्रा अभिषेक, शृंगार, महाआरती का आयोजन यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा व 21 भूदेवों के सान्निध्य में मुख्य यजमान वीणा-कुंदन सोनी द्वारा किया गया।

हर-हर महादेव और सनातन धर्म की जय हो के जयकारों के बीच मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा का रोहण यजमान, भूदेव व महादेव के भक्तों द्वारा किया गया। प्रसादी का वितरण समाजसेवी बद्रीलाल भगत ने किया। इसके बाद त्रिवेणी तट पर यज्ञाचार्य, भूदेवों के सान्निध्य में यजमान ने दशविध शरीर शुद्धि हैमाद्रि कर्म किया। 04 जनवरी सुबह 10 बजे धर्म ध्वजारोहण व हवन कुंड में अग्नि प्रवेश के साथ 67वें महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ स्वामी कृष्णानंद जी के सान्निध्य व सांसद गुमानसिंह डामोर के मुख्य आतिथ्य में त्रिवेणी तट स्थित यज्ञशाला भवन पर होगा। प्रतिदिन शाम पांच बजे यज्ञनारायण की महाआरती के बाद यज्ञशाला की परिक्रमा श्रद्धालुजनों द्वारा लगाई जाएगी।

इस अवसर समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, महिला मंडल अध्यक्ष राखी व्यास, रमेश व्यास, नवनीत सोनी, पं. रामचंद्र शर्मा, प्रेम उपाध्याय, पुष्पेंद्र जोशी, मनोहर पोरवाल, गोपाल जवेरी, सत्यनारायण पालीवाल, रमेश पाठक, सत्यदीप भट्ट, आनंदीलाल सोनी, सूरजमल टांक, हंसा व्यास, किशनलाल सोनी, मोहनलाल सोनी, रमेशचंद्र सोनी, सूरजमल टांक, हंसा व्यास, पद्मा उपाध्याय, नीना निरंजनी, शशि अग्रवाल, माया सोनी, जया सोमानी, निर्मला सोनी सहित यजमान के परिवारजन व गणमान्यजन उपस्थित थे।



चौमुखा महादेव मंदिर में जयकारे लगाते हुए समाजजन। •नईदुनिया 4-1-2021

### इस यज्ञ में सेवा देने वाले भूदेवों के पद और नाम

यज्ञ में यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा, ब्रह्मा पं. गोपालकृष्ण शर्मा, गणपति पं. भूपेंद्र जोशी, सदस्यपति पं. तरुण त्रिवेदी, सर्वोपद्रष्टा पं. मोहनलाल पांडे, अभिषेककर्ता संजय ओझा गामोट, पं. योगेश शास्त्री, पं. नंदलाल पाठक, पं. घनश्याम व्यास, पं. भूपति चौबे, पं. मनीष परसाई, पं. अशोक दुबे, पं. अवधनरेश दुबे, पं. अशोक उपाध्याय, पं. मनोहरलाल पंड्या, पं. बालकृष्ण परसाई, पं. मुकेश शर्मा, पं. भानुप्रकाश, पं. राजेश, पं. मनोज दुबे सेवा देंगे।



चौमुखा महादेव की आरती करते हुए मुख्य यजमान वीणा-कुंदन सोनी। •नईदुनिया

## मुख्यमंत्री की वीसी आज सुबह 10 बजे से

रतलाम | सीएम शिवराज सिंह की अध्यक्षता में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे वीडियो कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। सीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर, कमिश्नर्स, एसपी, आईजी से संवाद करेंगे। जिसमें पिछली बार आयोजित कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कांफ्रेंस की कार्रवाई विवरण का पालन प्रतिवेदन, मप्र में मनरेगा के क्रियान्वयन, प्रदेश में रोजगार मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति आदि पर चर्चा होगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार–पृष्ठ 13.... दिनांक..........2021



# धोलावाड़ महोत्सव के बाद भी डैम पर गतिविधियां जारी रहेंगी

इन्दौर समाचार 5-1-2021

रतलाम। इको टूरिज्म पार्क धोलावाड़ में आगामी 5 जनवरी को धोलावाड़ पर्यटन महोत्सव का समापन होगा परंतु इसके पश्चात भी डैम पर गतिविधियां जारी रहेंगी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण श्री निशिकांत शुक्ला ने बताया कि पर्यटन महोत्सव की समाप्ति पश्चात वीआईपी टेंट कैंपिंग व्यवस्था नहीं रहेगी परंतु अन्य गतिविधियां जैसे बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल आदि गतिविधियां आगे भी सतत जारी रहेंगी। इसके अलावा आइलैंड पर साधारण नाइट कैंपिंग टेंट व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए शुल्क व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

# धोलावाड़ पर पहुंच की मस्ती...

नव भारत 5-1-2021



रतलाम। इको टूरिज्म पार्क धोलावाड़ में आगामी 5 जनवरी को धोलावाड़ पर्यटन महोत्सव का समापन होगा परंतु इसके पश्चात भी डैम पर गतिविधियां जारी रहेंगी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला ने बताया कि पर्यटन महोत्सव की समाप्ति पश्चात वीआईपी टेंट कैंपिंग व्यवस्था नहीं रहेगी परंतु अन्य गतिविधियां जैसे बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल आदि गतिविधियां आगे भी सतत जारी रहेंगी। इसके अलावा आइलैंड पर साधारण नाइट कैंपिंग टेंट व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए शुल्क व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

नव भारत

5-1-2021

# एक्शन मोड में आयुक्त की कार्रवाई : अनुपस्थित 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर होंगे सेवा से बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है जिससे घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है, ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने सुबह निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा। जांच उपरान्त 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया। कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहुल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम-सुन्दरलाल, दीपक-लच्छूलाल, विशाल-मुकेश, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप व जितेन्द्र-भेजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया।

**बर्खास्त करने के लिए सूचना पत्र जारी**-ऐसे नागरिक व दुकानदार जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा कर है ऐसे व्यक्तियों लगाम लगाने के लिए गठित किए गए स्पॉट फाईन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनील शिन्दे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, मनीष आदिवाल व प्रमोद चौरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## स्पॉट फाईन दल के अनुपस्थित कर्मचारी भी होगें बर्खास्त

**यह थे मौजूद**-इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

आयुक्त से ऑनलाइन ली स्वच्छता की जानकारी

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2021: भोपाल से लगातार दूसरी बार नहीं पहुंच पाया दल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 4-1-2021



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग कार्य हो रहे हैं। रविवार को लगातार दूसरी बार भोपाल से स्वच्छता की रैंकिंग की जांच के लिए दल के सदस्य नहीं आए, लेकिन नगरीय प्रशासन के आयुक्त ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से सुबह 7.30 बजे स्वच्छता के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और कई स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

## आमजन से अपील की

इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

## इधर इंतजार होता रहा

इधर नगर निगम की स्वच्छता की टीम रविवार को पूरे दिन जांच दल का इंतजार करती रही। इसके लिए अधिकारी एक दूसरे से फोन पर जानकारी लेते रहे। इन सब के बीच सुबह ही आयुक्त झारिया से भोपाल से रतलाम में चल रहे स्वच्छता अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी ले ली गई थी।

**जिले में आज मनेगा अन्न उत्सव** पत्रिका 4-1-2021

# जिले की 498 उचित मूल्य दुकानों पर होना है आयोजन

रतलाम. जिले में सोमवार को अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिले की 498 उचित मूल्य दुकानों पर होने वाले आयोजन को लेकर रविवार को भी प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा नजर आया। अन्न उत्सव को लेकर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए है। कार्यर म के तहत पात्रता पर्ची धारको को राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा।

प्रशासन की माने तो प्रतिमाह जनवरी से हर उचित मूल्य की दुकान में एक दिन अन्न उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकान संचालित है तथा उस ग्राम में साप्ताहिक हाट बाजार भी लगता है, वहां हर माह की 4 तारीख के बाद लगने वाले प्रथम हाट बाजार के दिन आयोजन किया जाएगा। शेष दुकानों पर प्रत्येक माह 7 तारीख को कार्यक्रम होगा।

अन्न उत्सव के लिए निर्धारित तारीख व हर माह में दुकानों के लिए स्थायी होगी। किसी भी हालत में तारीख में बदलाव नहीं होगा, फिर चाहे उस दिन रविवार जी क्यों न हो। जिले में 7 जनवरी को 376 दुकानें, 9 जनवरी को 65 दुकान, हाट बाजार के दिन 41 तथा अन्य दिनांकों में 10 तारीख के पूर्व अन्न उत्सव कार्यर म उचित मूल्य दुकानों पर आयोजित होंगे। कार्यक्रम में निर्धारित दिनांक को उचित मूल्य दुकान से संलग्न उपभोक्ताओं को बुलाकर समारोहपूर्वक राशन वितरण किया जाएगा।

राशन दुकान पर अन्न उत्सव आयोजन के लिए एक शासकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसमें राजस्व, सहकारिता, महिला बाल विकास, कृषि एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शहरी विकास के अधिकारी/ कर्मचारियों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश––––पृष्ठ ..5... दिनांक.5-1-21.........2021

## निगम आयुक्त द्वारा कर्मशाला विभाग का निरीक्षण

# अनुपस्थित 3 ड्रायवर और 6 हेल्पर होंगे सेवा से बर्खास्त

## स्पॉट फाइन दल के अनुपस्थित कर्मचारी भी होंगे बर्खास्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार 5-1-20 21

नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हेल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते हैं जिससे घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है, ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई किए जाने के निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए।



निगम आयुक्त ने प्रात: निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हेल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा, जांच उपरान्त 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया।

कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहूल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम-सुन्दरलाल, दीपक-लच्छुलाल, विशाल-मुकेश, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप व जितेन्द्र-बेजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया। इसी प्रकार नगर में ऐसे नागरिक व दुकानदार जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, ऐसे व्यक्तियों लगाम लगाने हेतु गठित किए गए स्पॉट फाइन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनील शिन्दे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, गनीष आदिवाल व प्रमोद चौरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि वे अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाकर नगर के प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर पर जाकर कचरा पृथक्कीकरण, कचरा निगम के संग्रहण वाहन में डालने व स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित करें। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सिटीजन फीडबैक का कार्य तेजी से कर अधिक से अधिक नागरिकों से फीड बैक लेवें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम की अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रेन वाहन व डम्पर बनाए जाने हेतु जो भी सामग्री की आवश्यकता है उसे क्रय करने की कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, श्री विकास मरकाम, मनीष तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–पृष्ठ ..11.... दिनांक..[illegible]......2021

## भूमि का करेगा सीमांकन, मंगलवार को मिलेंगे मंत्री से

# नई हवाई पट्टी बनाने फिर आएगा दल

**एक्सक्लूसिव**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में नई हवाई पट्टी बनाने के लिए करीब एक साल बाद फिर सर्वे दल आएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। सर्वे दल के आने के पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी दल के सदस्य केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मंगलवार को मुलाकात करेंगे। अंतिम बार दल फरवरी 2020 में आया था, इसके बाद कोरोना के चलते पूरी गतिविधि ठप हो गई थी, जो शहर विधायक चेतन्य काश्यप के हस्तक्षेप के बाद से फिर शुरू हो रही है। भूमि का सीमांकन किया जाएगा।

रतलाम में एयरपोर्ट की संभावना तलाशने के लिए पिछले वर्ष इंदौर से एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम रतलाम पहुंची थी। टीम ने रतलाम में बंजली हवाई पट्टी का सर्वे किया और करीब 200 एकड़ जमीन की आवश्यकता होना बताई थी। टीम ने एयरपोर्ट के लिहाज से रतलाम को सबसे बेहतर होना माना था, क्योंकि यहां पर बंजली हवाई पट्टी के पास फिलहाल किसी प्रकार की कोई बाधा उन्हें नजर नहीं आई। बंजली हवाई पट्टी पर तकनीकी दल ने निरीक्षण करने के दौरान आवश्यक भूमि, उसका अधिग्रहण, रनवे निर्माण, टर्मिनल, एप्रन निर्माण, पार्किंग, विद्युत उपलब्धता, टावर निर्माण, पावर हाउस निर्माण के साथ ही अन्य जानकारी लेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी इंदौर के एजीएम संजय अग्रवाल के साथ तकनीकी दल साथ में अन्य लोग शामिल रहेंगे। दल ने रतलाम को इसलिए उपयुक्त पाया है क्योंकि बंजली हवाई पट्टी बारिश का पानी जमा नहीं होता है। इस क्षेत्र में बाढ़ का कोई प्रभाव नहीं है। यहां पर ऊपर से बिजली की कोई लाइन नहीं जा रही है, आस-पास में कोई पहाड़ी इलाका या ऊंची बिल्डिंग नहीं है। रतलाम में पेयजल आपूर्ति में ज्यादा समस्या नहीं होगी। बिजली की परेशानी भी नहीं रहेगी। यदि यहां एयरपोर्ट बनता है तो 35 किलोवाट का स्वयं स्टेशन होगा। ये स्टेशन बंजली में आस-पास या सैलाना में तैयार होगा। वहीं रतलाम-बांसवाड़ा मार्ग पर रतलाम-सैलाना के बीच कुछ हिस्से पर बिजली के खंभों को हटाकर भूमिगत लाइन छोड़ना होगी।



### 1800 मीटर का रनवे रहेगा

यदि रतलाम में एयरपोर्ट का काम शुरू होता है तो करीब 1800 मीटर लंबा रनवे बनेगा। वर्तमान में बंजली हवाई पट्टी करीब 12 हैक्टेयर में बनी है। इसके आस-पास प्रशासन के पास खुद की जमीन नहीं है। यदि एयरपोर्ट के लिए रतलाम के नाम पर सर्वे रिपोर्ट में अंतिम मुहर लगती है तो प्रशासन भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण तैयार करने का काम करेगा। इसलिए मंगलवार के बाद आने वाला दल सबसे पहले भूमि का सीमांकन करेगा। इसके लिए बंजली में जो स्थान है पहले उसको सीमांकन करने के बाद अतिरिक्त भूमि की जरूरत पर चर्चा होगी।

### मंगलवार को बैठक

पिछले वर्ष हुए सर्वे के बाद कोरोना आ गया था। इसके बाद इससे जुड़ी सभी गतिविधि ठप हो गई थी। अब मंगलवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी का दल केंद्रीय नागरीक उड्डयन मंत्री से मिलेगा व पूर्व की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात करेगा। दल के एक सदस्य के अनुसार एक पखवाड़े के अंदर दल को भेजकर अंतिम रिपोर्ट ली जाएगी व इसके बाद तेजी से कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### एक पखवाड़े में निर्णय

आगामी एक पखवाड़े में दल रतलाम आएगा व जांच के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट देगा। इसके बाद यह प्रयास रहेगा की इस मामले में तेजी लाई जाए। मंगलवार को इसके लिए केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की जाएगी।

**- मुकेश सोलंकी**, सदस्य, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया

# तापमान में उछाल गायब हुई सर्दी, सात जनवरी से फिर बढ़ेगा सर्दी का असर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। तापमान में लगातार उछाल से सर्दी का सितम कम हो गया है। इससे जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार हवा का रुख बदलने से सात जनवरी से फिर तापमान में गिरावट आएगी और आमजन को कंपकंपी छूटेगी।

जिले में रविवार दोपहर तक कोहरा छाया रहा। इससे सड़क और रेल परिचालन प्रभावित हुए। सड़कों पर वाहनों और ट्रैक पर ट्रेनों के चक्के थमे रहे। कोहरा कम होने के बाद वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। उधर, बीते तीन दिन से लगातार तापमान में उछाल आ रहा है। इससे सर्दी का असर काफी कम हो गया है। अधिकतम तापमान 28.6 व न्यूनतम 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयानागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, वहीं कई नागरिक अपने स्तर पर भी अलाव का सहारा ले रहे हैं।



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए नागरिक। • नईदुनिया

**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 03 जनवर | 28.6 | 14.0 |
| 02 जनवरी | 27.6 | 13.6 |
| 01 जनवरी | 26.2 | 8.2 |
| 31 दिसंबर | 22.6 | 7.3 |
| 30 दिसंबर | 21.2 | 6.8 |
| 29 दिसंबर | 21.2 | 6.4 |
| 28 दिसंबर | 27.5 | 9.0 |

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 7 दिनांक 4-1-2021

दैनिक भास्कर 4-1-2021

## नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है



रतलाम। शहर के लोकेंद्र भवन रोड पर नाली चोक होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। यह गंदा पानी लोकेंद्र भवन रोड से बहता हुआ दो बत्ती (काला घोड़ा) तक पहुंच रहा है। इससे इस मार्ग से निकलने वाले सभी लोग परेशान हो रहे हैं।

## खुदाई के बाद सड़क का भराव नहीं किया

रतलाम | शेरानीपुरा मेनरोड पर मरकज मसजिद की लाइन में की गई सीवरेज की खुदाई के बाद भराव नहीं होने से वाहन चालक फिसल रहे हैं। रहवासियों ने भी अब इसकी शिकायत की है। रविवार को सड़क गीली होने से यहां कीचड़ हो गया है। इस कारण राहगीरों को भी दिक्कत आई। इस कारण यहां पर काली चूरी डाली गई। लोगों ने कहा कि इससे बेहतर था कि डामरीकरण कर दिया जाता ताकि वाहन चालकों को परेशानी नहीं आती। भास्कर 4-1-2021

## आंबेडकर चौराहे पर फोटोकॉपी की दुकान में आग लगी




रतलाम | छत्रीपुल पर आंबेडकर चौराहे के पास फोटोकॉपी की दुकान में रविवार शाम को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना में फोटोकॉपी मशीन, लेमिनेशन मशीन और कम्प्यूटर क्षतिग्रस्त हुए। फायर ब्रिगेड से पहुंचे कर्मचारियों ने करीब 15 मिनट के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार रविवार के कारण दुकान बंद थी और मेंटेनेंस के कारण शाम तक बिजली भी बंद थी। शाम 5:45 बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई और लगभग 6:15 बजे आसपास के लोगों ने फोटोकॉपी की दुकान से धुआं निकलते देख दुकान संचालक अनिल पितलिया को मोबाइल फोन किया और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। नगर निगम से पहुंचे फायर ब्रिगेड के दल ने बिजली कनेक्शन कटवाकर पानी से आग बुझाई। व्यवसायी पितलिया ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग से दुकान में रखे कागज राख हो गए। फोटोकॉपी मशीन, लेमिनेशन मशीन, कम्प्यूटर आदि को भी नुकसान हुआ है।

**धोलावड़ में पर्यटन महोत्सव के दो दिन शेष**

# इको टूरिज्म पार्क में वॉटर स्पोर्ट्स ने मोहा मन, बच्चों के साथ बड़े ले रहे आनंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 4-1-2021



रतलाम. आमजन को प्रकृति के सानिध्य में रोमांच देने के लिए धोलावड़ इको टूरिज्म पार्क में आयोजित पर्यटन महोत्सव के दो दिन शेष रह गए हैं। 12 दिवसीय पर्यटन महोत्सव यहां पर 25 दिसंबर से मन रहा है। इसके अंतिम दो दिनों के लिए भी टेंट कैंपिंग सहित अन्य गतिविधियों के लिए लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। 5 जनवरी को इसका समापन होगा। महोत्सव के दौरान यहां पर विभिन्न साहसिक एवं रोमांचकारी गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है।

पर्यटन महोत्सव के दौरान बीते 10 दिनों से यहां पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी हुई है। यहां पर सुबह से लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ आने लगते हैं और देर शाम तक मौज मस्ती करते हैं। उक्त आयोजन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशासन के पास बड़ी मात्रा में राशि एकत्र हुई है।

इको टूरिज्म पार्क में आने पर लोग आईलैंड पर टेंट कैंपिंग, वैली क्रासिंग तीरंदाजी, साइकिलिंग जैसे रोमांचकारी एवं साहसिक खेलों का आनंद भी ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहां पर लोगों के लिए पैकेज सिस्टम भी लागू किया गया है जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पैकेज के चलते यहां पर टेंट कैंपिंग के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने बुकिंग भी कराई है।

परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला ने बताया कि पर्यटन महोत्सव की समाप्ति पश्चात वीआईपी टेंट कैंपिंग व्यवस्था नहीं रहेगी परंतु अन्य गतिविधियां जैसे बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल आदि गतिविधियां आगे भी सतत जारी रहेंगी। इसके अलावा आइलैंड पर साधारण नाइट कैंपिंग टेंट व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए शुल्क व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

# धोलावड़ महोत्सव के बाद भी डैम पर पर्यटन गतिविधियां जारी रहेंगी



इको टूरिज्म पार्क धोलावड़ में रविवार को उमड़ी पर्यटकों की भीड़। ● नईदुनिया 4-1-2021

रतलाम। ईको टूरिज्म पार्क धोलावड़ में धोलावड़ पर्यटन महोत्सव का समापन मंगलवार को होगा, लेकिन इसके बाद भी डैम पर गतिविधियां जारी रहेंगी।

परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला ने बताया कि पर्यटन महोत्सव की समाप्ति पश्चात वीआईपी टेंट कैंपिंग व्यवस्था नहीं रहेगी। बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल आदि गतिविधियां आगे भी सतत जारी रहेंगी। आइलैंड पर साधारण नाइट कैंपिंग टेंट व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए शुल्क व्यवस्था पूर्ववत रहेगी। रविवार को बड़ी संख्या में लोग धोलावड़ पहुंचे। बोटिंग और तीरंदाजी को लेकर सबसे ज्यादा मांग रही। जिला प्रशासन द्वारा 25 दिसंबर से पर्यटन महोत्सव आयोजित किया है।

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 1.5....दिनांक......./......2021

# धोलावड़ टूरिज्म पार्क : नाइट कैंपिंग के साथ जारी रहेगी बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी कॉल सहित अन्य स्पोर्ट्स एक्टिविटी

रतलाम | धोलावड़ डेम के ईको टूरिज्म पार्क में बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल, माउंटेन साइकलिंग सहित अन्य मनोरंजक स्पोर्ट्स बंद नहीं होंगे। टूरिस्ट डेस्टिनेशनल बन चुके पार्क में टूरिस्ट हर दिन इसका आनंद ले सकेंगे। पर्यटकों की बढ़ती संख्या और रुचि को देखते हुए कलेक्टर गोपालचंद डाड ने कुछ को छोड़कर सभी गतिविधियां लगातार जारी रखने का फैसला किया है। रविवार को दो हजार से ज्यादा लोग पर्यटन महोत्सव में पहुंचे। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला ने बताया कि पर्यटन महोत्सव का भले ही 5 जनवरी को समापन हो जाएगा। बावजूद इसके वीआईपी टेंट कैंपिंग को छोड़कर सारी गतिविधियां जारी रहेंगी। इतना ही नहीं आईलैंड पर साधारण नाइट कैंपिंग टेंट की व्यवस्था भी चलती रहेगी। 12 दिनी महोत्सव में अब तक 11 हजार से ज्यादा पर्यटक सहभागिता कर चुके हैं। पार्क में अब कुछ और सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इसकी योजना बनाई जा रही है। फोटो - हिम्मत लखेरा (सचटी)



# कसारा बाजार में 19 हजार का दंड लगाया

रतलाम @ पत्रिका. स्वच्छता अभियान 2021 के अंतर्गत शहर में आमजन को सफाई के लिए जाग्रत करने में लगी नगर निगम ने रविवार को मुख्य बाजार क्षेत्र कसारा बाजार में बड़ी कारवाई की है। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के नेतृत्व में की गई कारवाई में 19 दुकानदारो पर एक एक हजार का जुर्माना लगाया गया। निगम के अधिकारियों ने बताया जाग्रति की यह कारवाई जारी रहेगी।

## कोरोना काल की अच्छी खबर

# रिकवरी रेट 92% पहुंचा, 20 दिन में 332 मरीज ठीक



**अभी मास्क ही वैक्सीन है**

### आरटी-पीसीआर में भी 1 लाख टेस्ट पूरे, वैक्सीनेशन की ट्रेनिंग शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना काल का अभी राहतभरा समय चल रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि, लगातार 16 दिन से रिकवरी रेट 90% से ज्यादा बना हुआ है। शनिवार व रविवार को रेट 92 प्रतिशत से भी ज्यादा रहा।

दिसंबर की शुरुआत में यह 85 प्रतिशत पर पहुंच गया था। एक साथ 90 मरीजों को डिस्चार्ज करने के कारण ये स्थिति बनी थी। कोरोना काल में ऐसा पहली बार ही हुआ था। इसके बाद से संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को 13 मरीज ठीक हुए। रिकवरी रेट 92.34 प्रतिशत रहा। 12 दिसंबर से लगातार रिकवरी रेट 90 प्रतिशत से ज्यादा ही है। इस दौरान 332 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं।

**एक्टिव केस में प्रदेश में छठे नंबर पर रतलाम** -जिले में अभी एक्टिव केस 238 हैं। प्रदेश में हम छठवें स्थान पर बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले एक्टिव केस 500 के करीब हो गए थे, उस दौरान हम प्रदेश में टॉप-5 में थे। अभी हमसे आगे इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन हैं।

### रतलाम, मंदसौर, नीमच का सहारा बनी पीसीआर

मेडिकल कॉलेज में लगी आरटी-पीसीआर मशीन रतलाम, मंदसौर व नीमच का सहारा बनी है। मई में 25 लाख की लागत से पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्टिंग (पीसीआर) मशीन लगी थी। इससे एक दिन में करीब 80 सैंपल की जांच हो पा रही थी। इसके बाद आरएनए एक्सट्रेक्शन मशीन मिली, इससे रोज 200 सैंपल की जांच होने लगी। जुलाई में आरटी-पीसीआर से रोज 500 सैंपलों की जांच होने लगी। जनवरी तक एक लाख से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं।

**अब वैक्सीन का इंतजार, दे रहे ट्रेनिंग**-जिले में अब कोरोना वैक्सीन का इंतजार हो रहा है। अभी ब्लॉक स्तर पर ट्रेनिंग दी जा रही है।

### 17 नए पॉजिटिव मिले

रविवार को 17 नए पॉजिटिव मिले हैं। नए संक्रमितों में इंदिरा नगर के 22 वर्षीय युवक, जूनी कलाल के 73 वर्षीय पुरुष, हिम्मत विहार कॉलोनी के 34 वर्षीय पुरुष, ग्राम छायन की 25 वर्षीय महिला, रत्नपुरी के 40 वर्षीय पुरुष, गांधीनगर के 65 वर्षीय पुरुष, धनजी भाई का नोहरा के 54 वर्षीय पुरुष, नजरबाग के 50 वर्षीय पुरुष, शिवगढ़ की 48 वर्षीय महिला आदि अन्य शामिल हैं।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2021** • पांच माध्यमों से 31 मार्च तक लिया जाएगा फीडबैक, मार्च में ही होगा फाइनल सर्वे

# सिटीजन फीडबैक शुरू, शहर को अच्छी रैंक मिले, इसके लिए 8 सवालों के जवाब देना होंगे

## बड़ा बदलाव : इस बार फोन पर नहीं पूछेंगे सवाल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

5-1-2021

मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के लिए सिटीजन फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बार सिटीजन फीडबैक रैंकिंग का मुख्य आधार होगा। सिर्फ आठ सवालों के जवाब देकर नागरिक शहर को अच्छी रैंक दिला सकते हैं।

खास बात यह है कि इस बार सरकार आपको फोन करके कुछ नहीं पूछेगी। जनता को ही फीडबैक देना होगा। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने ऑनलाइन पांच माध्यम की सुविधा दी है। इनसे लोग घर बैठे ही सफाई व्यवस्था को लेकर राय दे सकते हैं। यह सिटीजन फीडबैक 31 मार्च तक चलेगा। 2020 के सर्वेक्षण में शहरवासियों की अच्छी प्रतिक्रियाओं ने रतलाम को पूरे देश में बेस्ट स्माल सिटी इन सिटीजन फीडबैक का अवॉर्ड दिलवाया था। 382 (एक से तीन लाख आबादी) शहरों में रतलाम को 1500 में से 1336.80 अंक मिले थे। बीते साल ओवरऑल रैंक 49 रही थी, जबकि 2019 में 62वीं रैंक थी।



डालू मोदी बाजार में सर्व ब्राह्मण समाज की प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. संध्या उपाध्याय, सुनीता पाठक, सोनल पाठ, भारती राठोरी, रवि मालवीय व संजय चौधरी ने रंगोली बनाई।

### स्वच्छ सर्वेक्षण और नगर निगम की चुनौती

- **ओडीएफ डबल प्लस-** आवेदन कर दिया है, लेकिन मैदानी स्तर पर ज्यादा तैयारी नहीं दिखाई दे रही। इस बार सर्वे टीम बिना बताए आएगी।
- **स्टार रैंटिंग-** गार्बेज फ्री सिटी में स्टार रेटिंग सर्वे के लिए अब तक निगम दस्तावेज ही अपलोड कर रहा है। इस बार पांच स्टार रेटिंग के लिए दावा करेगा, 2019 में पांच स्टार के बदले शून्य रेटिंग मिली थी।
- **सार्वजनिक शौचालय-** शहर में 16 सुलभ और लगभग 70 सामुदायिक शौचालय हैं। इनकी सफाई कर बिजली, पानी के इंतजाम होने लगे थे पर कार्रवाई धीमी।
- **स्पॉट फाइन-** निगम गंदगी फैलाने वालों से 4.12 लाख से ज्यादा का स्पॉट फाइन वसूला जा चुका है।
- **सैग्रिगेशन-** रहवासी और दुकानदार गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं रख रहे। अब आस्था संस्था जागरूक कर रहा निगम।
- **सौंदर्यीकरण-** अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

### ऐसे दे सकते हैं फीडबैक

- https://swachhsurvekshan2021.org/CitizenFeedback पर जाकर - स्टेट- मध्य प्रदेश > डिस्ट्रिक्ट -रतलाम, U.L.B. - रतलाम सिलेक्ट करके, सात सवालों के जवाब दें।
- 1969 पर कॉल करके।
- http://swachhbharaturban.gov.in के माध्यम से।
- स्वच्छता एप
- वोट फॉर यूअर सिटी एप के माध्यम से।

### सवाल और उनके सही जवाब, जिससे आप शहर को दिला सकते हैं अच्छी रैंक

- **सवाल** - क्या आप जानते हैं कि आपका शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भाग ले रहा है?
  **जवाब** - हां
- **सवाल**- क्या आप स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में अपने शहर की रैंक जानते हैं?
  **जवाब** - हां, 49
- **सवाल** - आप अपने आसपास के स्वच्छता स्तर पर 0-10 के पैमाने पर अपने शहर को कितने अंक देना चाहेंगे?
  **जवाब** - आपकी इच्छानुसार
- **सवाल**- 0-10 के पैमाने पर आप अपने शहर को अपने व्यावसायिक/सार्वजनिक क्षेत्रों के स्वच्छता स्तर पर कितने अंक देना चाहेंगे?
  **जवाब** - आपकी इच्छानुसार
- **सवाल** - क्या आपसे हमेशा अपने कचरा संग्राहक को सूखा और गीला कचरा अलग देने के लिए कहा जाता है?
  **जवाब** - आपकी इच्छानुसार
- **सवाल** - क्या आप अपने शहर के सार्वजनिक या सामुदायिक शौचालय या मूत्रालय के स्वच्छता स्तर पर 0-10 के पैमाने पर अपने शहर को कितने अंक देना चाहेंगे?
  **जवाब** - आकलन करके नंबर दें
- **सवाल** - क्या आप जानते हैं कि आप गूगल पर निकटतम सार्वजनिक शौचालय खोज सकते हैं?
  **जवाब** - हां
- **सवाल** - क्या आप जानते हैं कि आप स्वच्छता के बारे में अपनी शिकायतों को उठाने (आगे बढ़ाने) के लिए स्वच्छता एप/स्थानीय एप का उपयोग कर सकते हैं?
  **जवाब** - हां